हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 25 सितंबर 2025

04 आधी रात्रि के समय लूट का विरोध करने वाले ...



08 उलझन: सरकारी शर्तों के बीच उलझा सांदीपनि...







## खबर संक्षेप

### तिवारी ग्लोबल पीस एंबेसडर नियुक्त



**गंजबासौदा।** एमजीजीपी इंडिया फाउंडेशन भुवनेश्वर ओडिशा ने अंतर्राष्ट्रीय योग और कल्याण विशेषज्ञ डॉ. विनीत कुमार तिवारी को गांधीवादी दर्शन, शांति और मानवता में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। साथ ही डॉ. विनीत कुमार तिवारी को ग्लोबल पीस एंबेसडर नियुक्त किया गया है। तिवारी की उपलब्धि पर इष्टमित्रों, गणमान्य नागरिकों, परिजनों ने बधाई दी है।

### ट्रक की चपेट में आने से गायों की मौत

**गंज बासौदा।** रात्रि के समय ग्राम मसूदपुर रोड पर एक ट्रक चालक ने लापरवाही एवं तेज गति से वाहन चलाते हुए सड़क पर बैठे गौ वंश को टक्कर मार दी। जिसमें 3 गायों की मौत हो गई और इतनी ही गाय घायल हो गईं। जानकारी मिलने पर पशुचिकित्सक डॉ आरएस उपाध्याय, सहयोगी डॉ हेमंत को लेकर मौके पर पहुंचे और उपचार किया। वहीं घायल गौमाता को देखभाल के लिए लालू महाराज की गौशाला भेजा गया।

### बच्चों को दी जाएगी कृमिनाशक गोली

**गंजबासौदा।** शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सेंट एसआरएस स्कूल के बच्चों को कृमिनाशक गोली खिलाकर की गई। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से हुआ। 1 से 5 साल के बच्चों को गुलाबी गोली दी जाएगी। 6 से 12 साल के बच्चों को नीली गोली प्रत्येक मंगलवार को खिलाई जाएगी। देश में बच्चों में खून की कमी 50% से ज्यादा है। इसे खत्म करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. प्रमेन्द्र तिवारी, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. कपिल जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक, छात्र, छात्राऐं और स्टॉफ मौजूद रहा।

## नगर में आए दिन घटित हो रही घटनाओं से लोगों में भय

# आधी रात्रि के समय लूट का विरोध करने वाले व्यापारी को मारा चाकू





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में चोरी, लूट, मारपीट, चाकूबाजी की घटनाएं हैं कि रुकने का नाम नहीं ले रहीं हैं। असामाजिक तत्वों और अपराधियों के इतने हौसले बुलंद हो गए हैं कि वह आए दिन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। मंगलवार को रात्रि के समय हाथ ठेला पर कपड़े का कारोबार करने वाले प्रमोद शर्मा उम्र 35 वर्ष को बदमाशों ने उस समय लूट लिया, जब वह रात्रि के समय सावरकर चौक पचमा बायपास लिंक मार्ग से अपने घर पंडापुरा जा रहे थे। अंधेरे का फायदा उठाते हुए उन्हें दो बदमाशों ने रोक लिया और कपड़े थैले में भर लिए, पेटी में से 1000 रुपए भी निकाल लिए। विरोध करने पर चाकू मार दिया और फरार हो गए। हमले के बाद घायल प्रमोद को तुरंत उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय अस्पताल ले जाया गया। जहां बीएमओ डॉ. प्रमेंद्र तिवारी ने घायल का उपचार किया और मामले की जानकारी देहात थाना पुलिस को दी। व्यापारी के साथ हुई घटना के विरोध में बुधवार दोपहर व्यापार महासंघ के पदाधिकारी देहात थाने पहुंचे और शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि प्रमोद शर्मा की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए एक पुलिस टीम बनाई गई है और जांच जारी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है, जिसके लिए नगर में लगे सीसी टीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जा रही है।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर में आए दिन घटित हो रही वारदातों को देखते हुए नगरवासियों में भय व्याप्त है। नागरिकों का कहना है कि इन दिनों दुर्गा उत्सव चल रहा है ऐसे में रात्रि के समय नगर के मुख्य मार्गों एवं गलियों में झांकी देखने वालों की देर रात्रि तक भीड़ उमड़ रही है। आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा जगह जगह पाइंट बनाए जाएें और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतत जांच की जाऐ। जिससे कोई घटना घटित न हो। वहीं जागरुक नागरिकों ने नगर के सुनसान क्षेत्रों पुरानी कृषि उपज मंडी, शासकीय एसजीएस परिसर, रेल्वे स्टेशन माल गोदाम क्षेत्र में गश्त की मांग की है।

## बेटियों को दिया जा रहा आत्मरक्षा का गुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवरात्रि के अवसर पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर की बेटियों के लिए शस्त्र चालन, आत्मरक्षा शिविर का आयोजन आर्य समाज मंदिर पुराना बस स्टैंड त्योंदा रोड पर शाम 5 बजे से दिया जा रहा है। जिसे सीखकर बेटियां अपनी आत्मरक्षा करने में सक्षम बन सकें और दुश्मनों से लोहा लेने के लिए वीरांगना के रूप में स्थापित हो, लाठी के साथ मार्शल आर्ट भी सिखाया जाएगा। समाज सेविका रंजीता सिंह राजपूत ने बताया कि नगरवासी अपनी बेटियों, माताओं, बहनों को आत्मरक्षा हेतु निशुल्क प्रशिक्षण शिविर में भेजें। यह शिविर आर्य समाज मंदिर में प्रतिदिन शाम 5 से पूरे नवरात्रि भर चलेगा।

### त्योंदा पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब



**त्योंदा।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में त्योंदा थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम त्योंदा द्वारा अवैध रूप से शराब विक्रय करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम मटियाई गाँव में अपनी गुमठी में भारी मात्रा में शराब रखे विक्रय कर रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति प्लास्टिक की सफेद बोरियों में से शराब विक्रय करता दिखा, जो पुलिस को आता देख भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकडा एवं बोरियों की तलाशी ली तो 3 बोरियों में कुल 325 पाव लाल शराब कुल 58.50 बल्क लीटर कीमती 32500 रूपये जब्त की गई एवं आरोपी विजय कुर्मी उम्र 48 साल निवासी ग्राम मटियाई को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक बबीता सिंह चौधरी, रविन्द्र तोमर, सुभाष चंद्र, हरिकेश तोमर, प्रवेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## स्थापना दिवस पर रक्त परीक्षण शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रक्त परीक्षण का आयोजन गोद ग्राम गंज में आयोजित किया गया। सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में जिला विदिशा में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर रक्त परीक्षण किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति द्वारा छात्राओं एवं ग्रामीणों को बताया गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना में क्या कार्य किये जाते है और इसके क्या लाभ हैं सहित अनेक आवश्यक जानकारियां दी गईं। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरती साहू ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में जानकारी दी। जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना में स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से चरित्र और व्यक्तित्व का विकास करने के लिए प्रेरित किया और इसकी स्थापना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया 1969 में इसकी स्थापना हुई एवं इसका उद्देश्य है सेवा के माध्यम से शिक्षा और इसका आदर्श वाक्य मैं नहीं, बल्कि आप, इत्यादि के बारे में जानकारी दी। इस एक दिवसीय रक्त परीक्षण शिविर में ग्राम की 63 महिलाओं ने रक्त परीक्षण करवाया। परीक्षण के साथ साथ आयरन और फोलिक एसिड की गोलियां वितरित की गईं। ग्राम की महिलाओं के साथ साथ राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने भी परीक्षण करवाया। इस अवसर पर स्वयं सेविका साहिबा पठान, टीना खान, मुस्कान पंथी, प्रियंका दांगी, नैन्सी दांगी, श्रृद्धा दांगी, पावनी चौकसे, निकिता दांगी, आरती प्रजापति, निकिता विश्वकर्मा, देवकी पाल सहित अनेक स्वयं सेविकाएं मौजूद रहीं।

## संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जानवी और दर्श का हुआ चयन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग खेल कूद प्रतियोगिता में लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की छात्रा जानवी औदिच्य बी.कॉम. तृतीय वर्ष और दर्श भारद्वाज बी.सी.ए प्रथम वर्ष का चयन संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। महाविद्यालय के खेल अधिकारी मनीष अहिरवार ने बताया कि जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता एलबीएस महाविद्यालय में आयोजित की गई थी। जिसमें छात्र, छात्रा ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिससे उनका चयन संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए किया गया है। संभाग स्तरीय महिला वर्ग प्रतियोगिता दिनांक 25 सितंबर को शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम होशंगाबाद में आयोजित की जाएगी। वहीं पुरुष वर्ग प्रतियोगिता एनईएस महाविद्यालय होशंगाबाद में 27 सितंबर को आयोजित की जाएगी। जिसमें महाविद्यालय के छात्र विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्र, छात्रा की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य आरआर द्विवेदी, उप प्राचार्य डॉक्टर पीयूष दुबे, समस्त प्राध्यापकगण , कार्यालयीन स्टाफ, लेखापाल, ग्रंथपाल, विद्यार्थियों के परिजनों ने छात्र, छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## नवजात समेत मां को परिवार को सौंपा

# टीम पहल के आश्रम में हुआ मानसिक बीमार महिला का सुरक्षित प्रसव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



टीम पहल निःसहाय बेसहारा, बेवश लोगों का सहारा बन भरपूर मदद कर रही है। छींदधाम में एक महिला मिली जिसे टीम पहल के आश्रम में शरण दी गई। मानसिक रूप से कमजोर, विक्षिप्त महिला को जब प्रशव पीडा हुई तो उसका टीम पहल आश्रम में सुरक्षित प्रशव, स्वा. विभाग की मदद से किया गया। अज्ञात महिला के पास मिले कार्ड के आधार पर उसके परिजनों की तलाश कर महिला और नवजात को सुपुर्द किया गया।

टीम पहल द्वारा वृद्धाश्रम संचालित किया जा रहा है। बेसहारा लोगों के भोजन की व्यवस्था की जा रही है। बीमार घायल गोवंश का उपचार किया जाता है। जिनका कोई नहीं ऐसे लोगो का दाह संस्कार भी किया जाता है। जरूरत पडने पर रक्तदान के माध्यम से व्यवस्था की जाती है। पिछले महिने एक नवजात बच्ची नपं. की कचरा गाडी में मिलने पर उसकी व्यवस्था भी की गई थी।

जब महिला हमारे कार्यालय आश्रम में आई थी, तब हमनें सामान्य महिला समझकर ठहरने की अनुमति दी। हमें पता नहीं था कि वह गर्भवती है, और उसका प्रशव निकट है। महिला का सुरक्षित प्रशव हुआ। जच्चा बच्चा को उनके परिवार को सौंप दिया।

**तरूण भावसार, संस्थापक सदस्य टीम पहल बरेली**

कार्यकर्ताओं ने एसडीएम से की मूंग के दाम दिलाने की मांग

# किसानों की समस्याओं पर कांग्रेस का ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

जिला किसान कांग्रेस, क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेन्द्र पटेल एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं किसानों ने किसानों की विभिन्न मांगो एवं समर्थन मूल्य पर बैंची मूंग के भुगतान के लिए एसडीएम संतोष मुदगल को ज्ञापन सौंपा। किसानों को डीएपी, यूरिया, खाद उपलब्ध न होने, 10 घंटे बिजली न मिलने, नहरों की साफ सफाई कराये जाने एवं सडक़ो पर आवारा घूम रही मवेशी गौवंश की व्यवस्था करने की मांग की गई। किसानों को 10 घंटे बिजली मिलना चाहिए परंतु खरगोन फीडर एवं क्षेत्र के अन्य ग्रामों में 10 घंटे बिजली न मिलने से किसान भारी परेशान है। किसानों ने सर्रा केन्द्र पर मूंग तौली परंतु बिल नहीं बने और क्षेत्र के अन्य उर्पाजन केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर मूंग बैंचने वाले किसानों एक-एक डेढ माह बाद भी भुगतान न होने से किसान आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे है। किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रस ने तीन ज्ञापन सौंपे है।

मूंग का भुगतान न होने तौल के बाद भी सर्रा केन्द्र पर बिल न बनाने की स्थिति से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

**संतोष मुदगल, एसडीएम बरेली**

## मां की भक्ति - नवरात्र में मां के भक्त अलग-अलग तरह से कर रहे शक्ति की आराधना

# झांकी पंडालों में आरती व पूजा अर्चना करने उमड़ रही भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नवरात्रि महोत्सव को प्रारंभ हुए तीन दिन बीत चुके है और नगर में श्रद्धालु मां दुर्गा की अराधना करने में लगे हुए है। वही नगर के प्रमुख चौक-चौराहो पर लगाई गई झाकियों में सुबह-शाम होने वाली आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुच रहें है। इसके अलावा इन झाकियों में रात्रि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन कीर्तन आदि आयोजित किए जा रहें है। इनमें बडी संख्या में श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे है। नगर में इस वर्ष लगभग 60 से 70 स्थानों पर मां दुर्गा की झांकी लगाई गई हैं जिनमें सुबह और शाम दोनों समय श्रद्धालु आरती में शामिल हो रहे हैं।

खासकर रात्रि के समय होने वाली आरती में श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना अधिक रहती है। रात्रि में कई झांकी समितियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें गरबा और डांस सहित अन्य कार्यक्रम हो रहे हैं। उनके विजेताओं को भी पुरस्कृत किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त घरों में भी लोगों ने ज्वारे एवं




घटस्थापना के साथ मां की प्रतिमा स्थापित की है, जहां प्रतिदिन विधि- विधान के साथ पाठ एवं पूजा की जा रही है।

**शरीर की शक्ति के साथ मन की शक्ति भी होती है महत्वपूर्ण** - शारदीय नवरात्र शुरू होते ही देवी मां दुर्गा की विशेष आराधना की जाती है। तो वही श्रद्धालु इन दिनों तरह-तरह की साधना करते हैं। शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्रो में कुछ साधक इन दिनों तंत्र साधना भी करते हैं। मां दुर्गा सहित अन्य देवियों की भी विशेष आराधना इन दिनों की जाती है। वही श्रद्धालु नवरात्रि के नौ दिनों तक कठिन साधना करते हैं। कोई सिर्फ लौंग खाकर नौ दिन तक अन्न त्याग कर देता है तो कोई सिर्फ पानी के सहारे साधना करता है। ग्राम रूसल्ली साहू में स्थित मां कंकाली मंदिर में भक्त अपनी समस्याओ को लेकर मां के दरबार में पहुचतें है और मां से अपने कष्ट दूर करने के लिए प्रार्थना करते है। मां कंकाली के परम भक्त मोहित पंथी ने बताया कि इन नौ दिनो तक मां की सेवा व पूजा पाठ करने में यह नौ दिन कैसे निकल जाते है पता ही नही चलता। प्रतिदिन मां के दर्शनो के लिए सुबह शाम भक्तो का तांता लगा रहता है। नवरात्र में सुबह जलार्पण के साथ ही पूजन पाठ शुरू हो जाती हैं। फलाहार पर दिन गुजरते है। शरीर की शक्ति के साथ मन की शक्ति भी महत्वपूर्ण होती है। जिम्मेदारी को निष्ठा से निभाने का संकल्प भी इस दौरान रहता है।

## शक्ति की भक्ति कर आराधना में जुटे देवी मां के श्रद्धालु नर-नारी

सुबह मातारानी को जल अपर्ण से दिन की शुरुआत

# शुभ मुर्हूत में प्रतिमाएं एवं घट स्थापना के साथ शारदीय नवरात्रि पर्व आरंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सोमवार को नगर में 30 से अधिक स्थानों एवं क्षेत्र के ग्रामों में माँ दुर्गा की प्रतिमाए घट स्थापना और अखंड ज्योति जला कर शुभमुर्हूत में नवरात्रि पर्व की शुरूआत हुई। मौसम खुला रहने के कारण दुर्गा उत्सव समितियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। दुर्गा झांकियों एवं बडे-बडे पंडालों की खूब सजावट कर उन्हें श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बनाने होड सी लगी नजर आ रही है।

नगर में सबसे बडा दुर्गा पंडाल बस स्टेण्ड पर बना हुआ है। जहाँ बाहर से आए कलाकारों द्वारा पंडाल माता वैष्णों देवी मंदिर की तर्ज पर सजावट की गई है। नाहर नगर एवं नाहर कालौनी में दो अलग-अलग मातारानी के पंडाल सजाए गए है। छोटा बाजार के भवानी चौक में नगर की सबसे पुरानी समिति द्वारा माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। हौली चौक, छीपा मोहल्ला, किनगी रोड, पशु चिकित्सालय रोड, चैनपुर रोड, हॉकी ग्राउंड, मंडी, विधुत मंडल सहित अन्य स्थानों पर माँ दुर्गा की 30 से अधिक छोटी-बडी प्रतिमाएं स्थापित कर देवी भक्तों द्वारा नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। नगर के देवी मंदिरों में मातारानी को जल चढ़ाने देवी भक्तों की भीड़ उमड रही है। खेरापति माता मंदिर, काली मंदिर, संकट मोचन मंदिर एवं बडा बाजार के शक्तिधाम मंदिरों में सुबह से देवी भक्तों की जल अपर्ण, पूजन और आरती में भीड़ उमडऩे लगती है।

### क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक स्व. पटेल की स्मृति में भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू



**बरेली।** क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक स्व. भगवत सिंह पटेल की पुण्य स्मृति त्रिवार्षिक श्राद्ध पर सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन हुआ। प्रतिदिन कथा श्रवण के लिए नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। कथा समापन पूर्णाहूति पर पटेल परिवार के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन में भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति और भोजन प्रसादी ग्रहण की। सद पुण्य कार्यो से सदगति - सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में वृन्दावन धाम से पधारें भागवत किंकर पू. कृष्णकांत जी शास्त्री ने प्रमुख कथा प्रसंगों के माध्यम से जीवन की सफलता, भारतीय संस्कृति हिंदू धर्म की विशेषताओं का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि मनुष्य को जीवन में सद पुण्य कर्मो का फल अवश्य मिलता है।



## सीएम राइस विद्यालय विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**सिरोंज।** विधिक जागरूकता अभियान के तहत बुधवार शासकीय सीएम राइस विद्यालय में सिरोंज न्यायालय से अतिरिक्त जिला न्यायाधीश विजय कुमार पांडे के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश विजय कुमार पांडे ने छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं कानून से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। कार्यक्रम में बच्चों को संविधान में दिए गए मूल अधिकारों, महिला एवं बाल सुरक्षा कानूनों, उपभोक्ता अधिकारों, साइबर अपराध से बचाव तथा विधिक सहायता के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर न्यायाधीश श्री पांडे ने कहा कि हर नागरिक को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होना आवश्यक है, तभी समाज में न्याय और समानता की स्थापना संभव है। इस मौके पर शाला के प्राचार्य महेश ताम्रकार, वरिष्ठ शिक्षक संजीव माथुर, शिक्षिका भारती सक्सेना सहित समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने शोभित जैन

**सिरोंज।** ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक इंडिया की सहमति से आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एड. राजीव जैन सैनानी द्वारा शोभित जैन को आईजा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, संगठन ने शोभित जैन के उज्जवल भविष्य की कामना की है और उनसे अपेक्षा की है कि वे संगठन सेवा के पथ और आईजा के रथ पर जिनशासन की प्रभावना में अपना संपूर्ण योगदान देंगे। साथ ही, उनके सपनों और विजन को पूरा करने के कार्यक्रम कार्यान्वयन में उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए अग्रिम शुभकामनाओं सहित बधाई दी गई है। यह नियुक्ति आईजा के संगठन को और मजबूत करेगी तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में जैन समाज के हितों को बढ़ावा देने में सहायक होगी। वही आगामी 5 अक्टूबर दिन रविवार को अशोकनगर में आईजा का राष्ट्रीय सम्मेलन तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधासागर जी के सानिध्य मे आयोजित होने जा रहा है। जिसमें पूरे देश के जैन पत्रकरों का महा कुम्भ आयोजित हो रहा है, इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ,सांसद, विधायक समेत कई प्रशासनिक अधिकारी पधार रहे हैं। उसमें भी शोभित जैन को कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया गया है। शोभित जैन द्वारा सम्पूर्ण जैन समाज एवं पत्रकारों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## पोषण माह के अंतर्गत गतिविधियों का आयोजन



**सिरोंज।** एकीकृत महिला एंव बाल विभाग शहरी सेक्टर में आंगनबाडी केन्द्र पर स्थानीय खिलौने व पौष्टिक खाद्य पदार्थो के जागरूकता के बारे में महिलाएं व बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियो का आयोजन किया गया। तो वही बच्चो द्वारा मिट्टी व कागज के खिलौने बनवाकर बच्चो को मानसिक व बौदिक विकास हेतु माताओं को समझाइश दी गई। इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाएं, किशोरियो आदि सम्मिलित हुई। वही कार्यक्रम में पर्यवेक्षक श्रीमति इमा वेला एंव आंगनबाडी कार्यकर्ता नजमा बानो सहायिका सोनिया आदि ने द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान घर-घर तक सही पोषण व देश रोशन का संदेश पहुचाने हेतु शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका बच्चे के जन्म के तुरंत बाद सिर्फ मां का दूध पिलाना और बच्चा को छह माह तक सिर्फ मां के दूध के अलावा कुछ भी नहीं देना है, साथ ही स्वास्थ विभाग से एएनएम द्वारा इस विषय पर जानकारी दी। पोषण माह के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र में विभिन्न प्रकार की पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य संबंधी चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### सीएमओ दुर्गेश ठाकुर को कुरवाई का प्रभार

**विदिशा।** नगर परिषद कुरवाई के सीएमओ जाहिद अली का स्वास्थ्य खराब होने के कारण कलेक्टर ने विदिशा सीएमओ दुर्गेश ठाकुर को कुरवाई का प्रभार सौंपा है। मुख्यमंत्री के कुरवाई नगर में प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम एवं प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से उन्होंने प्रभार सौंपने का आदेश जारी कर दिया है।

### कल होगा युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन

**विदिशा।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम, उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 26 सितंबर की सुबह 11 बजे से कुरवाई के जनपद पंचायत परिसर में आयोजित किया जा रहा है। युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेंटिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र की 10 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार लेकर चयन किया जाएगा तथा एसआईएस सिक्योरिटी द्वारा सुरक्षा गार्ड के लिए चयन किया जाएगा।

### सर्वे का काम चार दिन में पूरा करने के निर्देश दिए

**विदिशा।** जिले में अतिवृष्टि या कीट प्रकोप, पीला मोजेक, अफलन आदि से क्षतिग्रस्त हुई फसलों का सर्वे कार्य 4 दिन में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। यह निर्देश अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर द्वारा संबंधितों को जारी किए गए हैं। अपर कलेक्टर श्री डामोर ने सर्वे कार्यो को करने वाले दलों के सदस्यों को निर्देशित किया है कि सर्वे कार्य समयावधि में पूर्ण कर निर्धारित प्रारूप अ एवं आ में अतिवृष्टि एवं कीट प्रकोप की जानकारी अंकित कर जिला कार्यालय उपलब्ध कराएं।

### संयुक्त कलेक्टर व डिप्टी कलेक्टर को सौंपे दायित्व

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने प्रशासकीय कार्यों की सुविधाओं को दृष्टि से संयुक्त कलेक्टर शशि मिश्रा को उपखंड अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट ग्यारसपुर का अतिरिक्त प्रभार सौपा है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि परि. डिप्टी कलेक्टर नितिन कुमार जैन को उपखंड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट लटेरी का दायित्व सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर नितिन कुमार जैन को पूर्व में जिला कार्यालय के सौपे गए कार्यों को संयुक्त कलेक्टर अनुभा जैन संपादित करेगी।

### दुर्गानगर चौराहे पर चला स्वच्छता अभियान

**विदिशा।** स्वच्छता अभियान सेवा पखवाड़े के अंतर्गत दुर्गा नगर मंडल के अंतर्गत दुर्गानगर चौराहे पर स्थिति महाराणा प्रताप को साफ किया गया। आसपास के परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान परिसर के चारों ओर साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया व आसपास के व्यापारियों को भी अपने प्रतिष्ठान पर डस्टबिन रखने ओर सफाई कराने की अपील कर दिया स्वच्छता का संदेश विधायक मुकेश टंडन ने स्वयं चौराहे पर झाड़ू लगाकर सभी कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित नागरिकों को स्वच्छ भारत का संकल्प दिलाया। महाराणा प्रताप के त्याग, पराक्रम को जीवन में उतारने की सीख दी।

# सज गए पंडाल, झांकियों में आज से शुरू होगा गरबा व भजन कीर्तन जैसे आयोजन



विदिशा। देवी का बाग स्थित गुलाब वाटिका तिराहे पर माता की भव्य प्रतिमा को पंडाल में विराजित किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

माता के पंडाल सजकर तैयार हो चुके हैं। आज से पंडालों में कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। रात्रि जागरण, गरबा और भजन कीर्तन पंडालों में रातभर चलेंगे। शहर में करीब 100 से अधिक स्थानों पर नवरात्रि में माता को विराजित किया जाता है। अलग-अलग स्वरूपों में माता को विराजित कर नौ दिनों तक देवी की आराधना की जा रही है। इधर हिंदू उत्सव समिति द्वारा दुर्गा उत्सव चल समारोह की तैयारियां भी की जा रही हैं। क्योंकि चल समारोह को देखने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग शहर आते हैं और रातभर चल समारोह देखते हैं। पूरे शहर में उत्साह का माहौल है।

### मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के कुरवाई आगमन को लेकर प्रशासन की तैयारियां जोरों पर

# लंबे समय से अधूरी पड़ी मांगें पूरी होने व नगर को नई सौगातें मिलने की उम्मीद



***मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के कुरवाई आगमन की खबर सुनते हैं लोगा में नई नई सौगातें मिलने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इससे पहले भी मुख्यमंत्री का दौरा कुरवाई में तय हुआ था, लेकिन किन्ही कारणों से वह निरस्त हो गया था। जिससे लोग मायूस हो गए थे। लेकिन अब जैसे ही कार्यक्रम स्थल पर डोम लगना शुरू हुआ तो लोगों को विश्वास हो गया है कि अब सीएम का कार्यक्रम तय हो गया है और उन्हे सौगातें मिलने वाली हैं।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का कुरवाई नगर में प्रथम आगमन 27 सितंबर को हो रहा है। जिसको लेकर एक तरफ प्रशासन पूरे जोर-शोर से तैयारी में जुटा है। इससे पहले भी सीएम का दौरा तय हुआ था, लेकिन किन्ही कारणों से वह निरस्त हो गया था। लेकिन अब कार्यक्रम स्थल पर डोम आ चुका है, जिससे इस बार उनका दौरा तय माना जा रहा है। सीएम के दौरे में लाड़ली बहनों को हर महीने मिलने वाली राशि में बढ़ोतरी की घोषणा की उम्मीद है तो वहीं नगर कुरवाई के लोगों को अधूरी पड़ी बहुत सी घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए घोषणाओं की उम्मीद है। बीना से मंडीबामोरा और सिरोंज मेहलुआ से मंडीबामोरा एवं पठारी से कुरवाई आने जाने के बड़े छोटे सभी प्रकार के वाहनों के लिए कुरवाई बसस्टैंड से होकर जाना पड़ता है। बसस्टैंड पर लोकल यात्री बसों और सब्जी फल फ्रूट के ठेलों से अक्सर जाम लगा रहता है। विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की आम सभा बसस्टैंड पर आयोजित हुई थी जिस कारण से बीना एवं सिरोंज अशोकनगर मेहलुआ चौराहा तरफ से आने वाले वाहनों को बामोरा बीना तरफ जाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा था। प्रशासन ने इस बार की आम सभा के लिए कॉलेज ग्राउंड को चयनित किया है। इसके लिए भी मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व बीना कुरवाई सिरोंज मार्ग पर ट्रैफिक को रोकना पड़ेगा। इसलिए कुरवाई की जनता की मांग है कि सिरोंज बीना बामोरा मार्ग को जोड़ने के लिए बायपास रिंग रोड बनाया जाए जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा की जाए। कुरवाई बीना मार्ग पर स्थित भारत सरकार की पैट्रोलियम केमिकल रिफायनरी के बाहर मध्य प्रदेश सरकार का रोजगार कार्यालय खोले जाने की मांग सीएम से की जाएगी। जिसमें स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार की जानकारी मिल सके। जिससे स्थानीय युवाओं को रिफाइनरी में रोजगार मिल सके।

#### खेल स्टेडियम की अधूरी मांग पूरी होने की उम्मीद

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा विधानसभा चुनाव के पहले कुरवाई नगर मेला ग्राउंड पर हांकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की गई थी लेकिन वह घोषणा पूरी नहीं हो सकी और उसे ग्राउंड पर संदीपनी स्कूल की बिल्डिंग और ग्राउंड बन गया। जिससे खिलाड़ियों का एकमात्र खेल ग्राउंड छिन गया। अब क्षेत्र के खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री से नगर एवं क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को इंडोर एवं आउटडोर खेल स्टेडियम की मांग को पूरा करने की पूरी उम्मीद है।

#### नई कृषि मंडी को जगह

नगर में आजादी की पहले कि कृषि उपज मंडी स्थित है जिसमें जगह की कमी को चलते व्यापारी व्यापार नहीं कर पाते और क्षेत्र के किसानों को बासौदा, मंडीबामोरा, बीना, सिरोंज, अशोकनगर की मंडियों में अनाज बेचना पड़ता है। क्षेत्र के किसानों एवं किसान संघ पूर्व से नगर के पास मंडी के लिए जगह एवं राशि का मांग करता रहा है मुख्यमंत्री के आगमन पर नई मंडी की घोषणा की उम्मीद लगाए हैं।

#### आदर्श मार्ग की मांग

पूर्व में नगर परिषद द्वारा कुरवाई के तहसील कार्यालय पहुंच मार्ग सरवर महल मार्ग को आदर्श मार्ग बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। इसे आदर्श मार्ग घोषित किया जा सकता है। पर्याप्त चौड़ाई होने के कारण उक्त मार्ग को आदर्श मार्ग के रूप में उन्नत किया जा सकता है जो बच्चों महिलाओं बुजुर्गों को घूमने के लिए उपयुक्त रहेगा। इसकी भी मांग मुख्यमंत्री से की जाएगी।

### मायकों वालों ने लगाए गंभीर आरोप

# महिला के परिजनों ने लगाया प्रताड़ना का आरोप, ससुराल पक्ष ने कहा-बीमार रहती थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पुलिस लाइन क्वार्टर में रहने वाले गुलाबगंज थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी राजेश रघुवंशी की पत्नी रानी रघुवंशी का शव बुधवार को घर में फंदे पर लटका मिला।

शव के जिला अस्पताल पहुंचने के बाद मृतका के परिजनों ने हंगामा कर दिया और रानी के पति पर गंभीर आरोप लगाए। पुलिस ने पहुंचकर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। रानी के दो बच्चे हैं। एक 15 वर्ष की बेटी और 9 वर्ष का बेटा है। मृतिका की बहन विनीता रघुवंशी ने अस्पताल पहुंचकर राजेश पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब राजेश की ड्यूटी गुलाबगंज थी, तो वह घर पर क्यों था। कोई महिला कुर्सी पर बैठकर फांसी नहीं लगा सकती। इस तरह के गंभीर आरोप लगाए हैं।

#### ससुराल पक्ष ने मानसिक रूप से बीमार होने की बात कही

इधर राजेश के मामा रामअवतार रघुवंशी ने मृतिका की बहन के आरोप को खारिज किया। उन्होंने बताया कि रानी मानसिक बीमारी से पीड़ित थी और भोपाल में उसका इलाज चल रहा था। सुबह बच्चों के स्कूल जाने और राजेश के ड्यूटी पर जाने के बाद यह घटना हुई। इधर सीएसपी अतुल सिंह के अनुसार पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके पर जांच की है। शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीणों ने बावना परियोजना रोकने की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

बावना बांध परियोजना को लेकर चार ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने बुधवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने परियोजना को तुरंत रोकने की मांग उठाई।

जनपद सदस्य कमल प्रजापति ने बताया कि ग्राम पंचायत नौरजा, पचपेड़िया, कोलुआ जागीर और मदनई के ग्रामीणों को आशंका है कि यदि बावना बांध परियोजना स्वीकृत होती है तो इन गांवों के सैकड़ों लोग बेघर हो जाएंगे। विशेषकर गरीब और मजदूर वर्ग के परिवार उजड़ जाएंगे, जिससे उनका जीवन संकट में पड़ जाएगा। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से अपील की कि इस परियोजना को इन क्षेत्रों में स्वीकृति न दी जाए और यदि आवश्यक हो तो इसे अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो ग्रामवासी भूख हड़ताल और जन आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, ग्राम पंचायतों के सरपंच और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। ग्रामीणों का कहना है कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास की कीमत उनकी बस्तियों और जीवन से नहीं चुकाई जा सकती। इसलिए उन्होंने परियोजना पर रोक लगाने की मांग दोहराई।




ग्यारसपुर। बड़ी संख्या में ग्रामीण एकजुट होकर मांग को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे।

**ग्रामीणों का कहना है कि बावना बांध परियोजना स्वीकृत हुई तो बेघर हो जाएंगे**

# सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत नपा ने निकाली स्वच्छता रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत बुधवार को नगरपालिका ने स्वच्छता रैली निकाली। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वछता हमारे रग रग में होना चाहिए। सभी हमारे विदिशा शहर साफ और सुंदर बनाने में सहयोग करें। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत नपा रोज स्वच्छता अभियान चल रही है। जगह-जगह कार्यक्रम भी कर रही है। इस दौरान नगरपालिका के अधीक्षक यंत्री रमेश वर्मा एवं कर्मचारी एवं शांति निकेतन स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

### युवाओं को नशे की लत लगाने की शिकायत की

**विदिशा।** रॉयल सिटी कॉलोनी में अवैध नशे के कारोबार की शिकायत सामने आई है। कॉलोनीवासी राजीव वर्मा ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि हेमंत राजपूत नामक व्यक्ति लंबे समय से कॉलोनी में आपराधिक गतिविधियां संचालित कर रहा है। प्रार्थी का कहना है कि वह आए दिन कॉलोनीवासियों से विवाद करता है। गाली-गलौच करता है और युवाओं को नशे की लत लगाने का प्रयास करता है। कुछ समय पूर्व उसने प्रार्थी के घर में घुसकर मारपीट भी की थी। जिसकी शिकायत पुलिस से लेकर कमिश्नर तक की जा चुकी है, लेकिन कार्रवाई न होने से उसके हौसले और बढ़ गए हैं। वह झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी दे रहा है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स शर्मा डिस्पोजल मेनुफेक्चरिंग प्रोपराईटर श्रीमति नीतू शर्मा पत्नि श्री रमन शर्मा निवासी वार्ड नं. 15 टेकापार कॉलोनी गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार यूग्रो केपिटल लिमिटेड शाखा विदिशा से लोन प्राप्त करने हेतू आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें उनके द्वारा स्वयं के आधिपत्य का मकान जो ग्राम धनगवां तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. आराजी 6/1, एरिया 1200 वर्गफिट जिसकी चतुसीर्माएं उत्तर में ,कमल सिंह का मकान, दक्षिण में ,रोड 20-फीट पूर्व में-विक्रेता की भूमि, पश्चिम में-लालसिंह का प्लॉट है यह कि उक्त संपत्ति श्रीमति नीतू शर्मा पत्नि श्री रमन शर्मा निवासी वार्ड नं. 15 टेकापार कॉलोनी गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. द्वारा उक्त संपत्ति के पूर्व विक्रेता श्री गोवरधन पुत्र श्री प्यारेलाल कुशवाह निवासी ग्राम धनगवां तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. से क्रय की थी जिस का ई-विक्रय पत्र कमांक MP45IGR18122025A100786568 है जिसकी दिनांक 02-09-2025 है श्रीमति नीतू शर्मा पत्नि श्री रमन शर्मा निवासी वार्ड नं. 15 टेकापार कॉलोनी गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. के द्वारा लोन प्राप्त करने हेतु मेरे पक्षकार यूग्रो केपिटल लिमिटेड शाखा विदिशा मे आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उक्त मकान पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो या किसी के पास उक्त संपत्ति बंधक आदि रखी गई हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित गोपाल कॉम्प्लेक्स, जिला सत्र न्यायालय के सामने, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. में आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त सम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

**आशीष श्रीवास्तव** एडवोकेट
गोपाल कॉम्प्लेक्स, जिला सत्र न्यायालय के सामने, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र.
मो. 9685965100

# प्रमुख मार्गों से पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, प्रशासन हुआ सतर्क



**विदिशा।** त्योहारों को लेकर पुलिस ने बुधवार को शहर के मुख्य मार्गों से फ्लैग मार्च निकाला। इस अवसर पर सीएसपी अतुल सिंह, टीआई आनंद राज, यातायात प्रभारी आशीष राय सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। एसपी रोहित काशवानी ने नागरिकों से कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट न करने की चेतावनी देते हुए कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गरबा में सनातनियों को ही एंट्री, आधार कार्ड और तिलक अनिवार्य, सिर्फ भजन और पारंपरिक गीतों पर होगा नृत्य

***सार्वजनिक कार्यक्रम स्थल पर संदिग्ध आपत्तिजनक वस्तु लेकर जाने पर पकड़े गए तो होगी कठोर कार्रवाई।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नवरात्रि पर्व के दौरान होने वाले गरबा में इस बार केवल सनातन धर्म के लोगों को ही प्रवेश दिया जाएगा।

आयोजक समितियों ने इसके लिए आधार कार्ड दिखाना अनिवार्य कर दिया है। आयोजकों का कहना है कि गैर सनातनी लोगों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रवेश के समय लोगों को तिलक लगाकर ही गरबा में शामिल किया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि इससे गरबा का धार्मिक स्वरूप बना रहेगा। कार्यक्रम में किसी भी तरह के अश्लील या फिल्मी गीतों पर नृत्य की अनुमति नहीं होगी। केवल मां भगवती के भजन और पारंपरिक गीतों पर ही गरबा किया जाएगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि बगैर पहचान पत्र के सत्यापन के बिना आयोजन स्थल पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाना अनिवार्य होगा। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम स्थल पर स्थापित पंडालों में अग्निशमन यंत्रों की पर्याप्त व्यवस्था तथा फायर सेफ्टी नॉर्म्स का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।



विदिशा। दुर्गा पंडालों में छोटे- छोटे आयोजन अभी से शुरू हो गए हैं।

#### निजी सुरक्षा कर्मी भी रहेंगे तैनात

सुरक्षा के लिए कार्यक्रम स्थल पर निजी सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। प्रवेश के दौरान पूरी सतर्कता बरती जाएगी। शहर में ब्राह्मण समाज, एकलव्य संगठन और अन्य धार्मिक संगठन कई सालों से गरबा का आयोजन करते आ रहे हैं। आयोजकों का कहना है कि गरबा मां दुर्गा की आराधना का पवित्र माध्यम है। इसलिए इसमें केवल सनातन धर्म के लोगों को शामिल किया जाएगा। यहां केवल सनातन धर्म को मानने वाले लोगों को ही प्रवेश दिया जाएगा। समितियों ने लोगों से गरबा की गरिमा और धार्मिक माहौल को बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

### ऐसी स्थिति में विद्यार्थी पैदल स्कूल जाने के लिए हैं मजबूर, पालक परेशान

# उलझन: सरकारी शर्तों के बीच उलझा सांदीपनि स्कूलों का बस संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला मुख्यालय स्थित शासकीय सांदीपनि हायरसेकंडरीस्कूल अभी भी पुरानी बिल्डिंग में संचालित हो रहा है।वहीं पिछले एक डेढ़ साल से फ्री बस सेवा भी नियम शर्तों में उलझ कर रह गई है।लगातार देरी से छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में नाराजगी बढ़ रही है। उनका कहना है कि जिला शिक्षा विभाग और प्रशासन की लापरवाही बच्चों की पढ़ाई पर असर डाल रही है। बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर खतरा बना हुआ है। अभिभावकों ने मांग की है कि अबकी बार केवल वादों तक सीमित न रहकर प्रशासन जल्द से जल्द बस सेवा शुरू करे।

**निःशुल्क बस सुविधा से वंचित जिले के हजारों विद्यार्थी.....**

जिले के 7 सांदीपनि हासे स्कूलों के हजारों छात्र छात्र छात्राओं को फ्री बस सेवा का पिछले डेढ़ साल से कोई फायदा नहीं मिल पा रहा है। बताया जा रहा है शासन के नियम शर्तों में निःशुल्क बस सेवा उलझ कर रह गई है। जिले के सांदीपनि स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों छात्र-छात्राएं पिछले डेढ़ वर्षों से सरकारी शर्तों और विभागीय प्रक्रियाओं के चक्रव्यूह में फंसकर आज भी निःशुल्क बस सेवा से वंचित हैं। प्रशासन की लेटलतीफी और बार-बार अधूरी कोशिशों के चलते ग्रामीण अंचलों से आने वाले बच्चों को रोजाना पैदल या निजी साधनों से लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। इससे उनकी पढ़ाई ही नहीं बल्कि सुरक्षा भी खतरे में है। गौरतलब है शासन ने जिले में सीएम राइज, योजना के तहत रायसेन, बेगमगंज सिलवानी सांची ,बाड़ी आदि में 7 स्कूल चिंहित किए है। जिनका नाम बदलकर सांदीपनि स्कूल कर दिया गया। इन सभी स्कूलों में शासन स्तर पर नए भवनों के साथ अत्याधुनिक सुविधाएं और छात्रों के लिए निजी स्कूलों की तर्ज पर निःशुल्क बस की सुविधा मुहैया कराने का प्रावधान किया गया है।लेकिन जिलेभर में इस योजना के करीब 2 साल गुजर जाने के बाद भी पुराने भवनों में संसाधनों के अभाव में विद्यार्थी पढ़ाई करने के लिए विवश हैं। ठेकेदारों की मनमानी और घोरलापरवाही का आलम यह है कि इन सांदीपनि स्कूलों के ना तो अभी तक भवन पूर्ण हो पाए और न फ्री बस सेवा का फायदा इन मध्यम वर्गीय, गरीब छात्रों को मिल पा रहा है।

यह फ्री बस सेवा फिर अधर में लटक गई। आलम यह कि विद्यार्थियों को प्रीवियस सेवा आधार में लटकने से उन्हें दूरदराज के गांव से साइकिलों या फिर अभिभावकों को वाहनों में बिठाकर स्कूल छोड़ने और लेकर जाना पड़ रहा है।



**पिछले साल असफल रही पहल....**

*जिला शिक्षा विभाग में पिछले शिक्षा सत्र में भी सांदीपनि स्कूलों में फ्री बस सेवा की पहल की थी। लेकिन प्रति छात्र निर्धारित दर कम होने की वजह से बस ऑपरेटरों ने कोई रुचि नहीं दिखाई। पूरे साल भर में एक दो बार दरों की प्रक्रिया की गई।लेकिन कोई बात नहीं बनी। इस मामले में बस ऑपरेटरों ने हाथ पीछे खींच लिए।*

**बस सेवा के इंतजार में छात्र**

जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जिले के सातों सांदीपनि स्कूलों से छात्र संज्ञा फिर मांगी गई है।लेकिन विद्यार्थियों की संख्या एकत्रित नहीं होने की वजह से यह बस सेवा योजना खटाई में पड़ गई है। विभागीय अधिकारियों ने यह जानकारी वरिष्ठ कार्यालय भोपाल भी भेज दी। लेकिन यह प्रक्रिया ऐसा लगता है कि अभी तक पूर्ण हो पाएगी या नहीं अधर में अटकी हुई है। लेकिन जिलेभर में इस योजना के करीब 2 साल गुजर जाने के बाद भीपुराने भवनों में संसाधनों के अभाव में विद्यार्थी पढ़ाई करने के लिए विवश हैं।ठेकेदारों की मनमानी और घोर लापरवाही का आलम यह है कि इन सांदीपनि स्कूलों के ना तो अभी तक भवन पूर्ण हो पाए और न फ्री बस सेवा का फायदा इन मध्यम वर्गीय, गरीब छात्रों को मिल पा रहा है।

**जानकारी मांगी है**

सांदीपनि स्कूलों में नि:शुल्क बस सुविधा के लिए जिलेभर में इस साल फिर से बच्चों की संख्या की जानकारी मांगी गई है। जो सभी स्कूलों से एकत्र कर भेजी जा चुकी है। लेकर किसी प्रकार के निर्देश अभी नहीं मिले हैं।

डीडी रजक,जिला शिक्षाधिकारी रायसेन

### माता के मंदिर में जल रही अखंड जोत

## देवी भक्तों की हर मुराद पूरी करती हैं हिंगलाज देवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

जिले के बाड़ी में स्थित है मां हिंगलाज देवी का मंदिर यहां लगभग 500 सालों से भी अधिक समय से मां हिंगलाज देवी विराजमान होकर भक्तों की हर मनोकामना पूरी कर रहीं है और भारत देश के कोने कोने से भी बड़ी संख्या में मां हिंगलाज माता के दर्शन करने शारदीय और चैत्र नवरात्रि पर्व में पहुंचते हैं भक्त।

रायसेन जिले के बाड़ी में मां हिंगलाज देवी का मंदिर स्थित है।बताया जाता है कि लगभग 500 सालों से भी अधिक समय से मां हिंगलाज देवी यहां विराजमान होकर भक्तों की हर मनोकामना पूरी कर रही हैं और दूर क्षेत्र से ही नहीं देश प्रदेश के कोने कोने से भक्त हिंगलाज देवी के दर्शन करने आते हैं ।बताया जाता है कि 500 साल पहले माता रानी हिंगलाज देवी का इतिहास बरसों पुराना है।

**मां हिंगलाज ने दिया था भक्त को सपना**

माता हिंगलाज देवी परम भक्त महंत भगवान दास को मां हिंगलाज देवी ने सपने में कहा था कि मुझे पाकिस्तान के बलूचिस्तान से ले चलो। इसके बाद महंत भगवान दास द्वारा पाकिस्तान के बलूचिस्तान



जाकर माता हिंगलाज देवी को ज्योति रूप में लाकर यहां विराजमान किया गया । तब से माता की अखंड ज्योति यहां जलती है तो वहीं माता ने ज्योति स्वरूप होते हुए मां हिंगलाज देवी के रूप में यहां विराजमान हो गई । तब से मां हिंगलाज यहां भक्तों की हर मनोकामना पूरी कर रही हैं। मां हिंगलाज देवी के दर्शन करने मात्र से भक्तों की हर इच्छा पूरी हो जाती है। कहा जाता है की मां हिंगलाज के दरबार से कोई खाली नहीं लौटता। यही कारण है कि इस हिंगलाज माता के दरबार में भी हाजिरी लगाने दूर-दूर से और देश के कोने-कोने से भक्त यहां पहुंचते हैं।मां हिंगलाज देवी का यह प्राचीन मंदिर देश के 51 शक्तिपीठों में से एक है। इतिहास के अनुसार मां हिंगलाज देवी का एक मंदिर पाकिस्तान के बलूचिस्तान में है। दूसरा मंदिर रायसेन जिले के बाड़ी में स्थित है।

### खबर संक्षेप

**कचनारिया गांव से भी युवती लापता**

**सलामतपुर**। थाना क्षेत्र अंतर्गत युवतियों के घर से लापता होने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। पुलिस भी इन मामलों को लेकर काफी गंभीर है। ऐसा ही एक मामला कचनारिया गांव में सामने आया है । जहां पर एक 19 वर्षीय युवती देर घर से बिना बताए लापता हो गई। युवती के परिजन काफी घबराए हुए थाने पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कचनारिया गांव में रहने वाले हरिसिंह अहिरवार की 19 वर्षीय बेटी मुस्कान अहिरवार देर रात घर से बिना बताए लापता हो गई है। परिजनों ने बताया कि सभी परिवार के सदस्य रात में खाना खाने के बाद सो गए थे। देर रात मुस्कान की माँ की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि उनकी लड़की बिस्तर पर नही है। तत्काल सभी परिजनों को उठाया और मुस्कान की तलाश शुरू की तो उसका कहीं कुछ पता नही चल सका।

**संदेहास्पद हितग्राही को जारी नोटिस**

**रायसेन**। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अंतर्गत सम्मिलित हितग्राहियों का अंतरविभागीय डाटा से मिलान कर जिले में संदेहास्पद पाए गए हितग्राहियों का सत्यापन किए गए जाने के निर्देश दिए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी राजू काटोलकर ने बताया कि निर्देशों के परिपालन में जिले में 6 लाख से अधिक आय, 25 लाख से अधिक आय, कम्पनी संचालक, एक सदस्य/18 वर्ष से कम उम्र, 100 वर्ष से अधिक उम्र के सदस्यों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए जाकर तामीली उपरांत पक्ष रखने के लिए 15 दिवस का समय प्रदान किया गया था।

## छात्रों ने जाने व्यवसायिक शिक्षा में रोजगार के अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

विद्यार्थी कौशल एवं दक्षता प्राप्त शिक्षा ग्रहण कर रोजगार के अवसर प्राप्त करें। केन्द्र सरकार के इस मिशन के तहत पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज के ब्यूटी एवं वेलनेस विभाग के 48 छात्रों ने गत दिवस भोपाल के पंडित श्याम सुंदर शासकीय व्यवसायिक शिक्षा संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण किया।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की इस घटक ईकाई में विद्यार्थियों ने ब्यूटी और वेलनेस प्रशिक्षण की बारीकियों को समझा एवं इस क्षेत्र में मौजूद रोजगार के विभिन्न




अवसरों जाना। इसके अलावा कौशल शिक्षा पर आधारित अन्य पाठ्यक्रमो की जानकारी भी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति को क्रियान्वित करने वाला देश में पहला राज्य है। एनईपी में विद्यालयीन व महाविद्यालयीन छात्रों को वैकल्पिक रूप से व्यवसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों से जोड़ा गया है।

भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित इस संस्थान के डॉ. विपिन जैन, डॉ. रजनीश मैडम, डॉ. पिंकी खन्ना ने उपस्थित विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा आधारित विभागों में ले जाकर जानकारी दी। दीवानगंज प्राचार्य प्रभारी प्रीति कहार, मनोज पवार, ममता पासी, राजेश सहित समस्त शिक्षक स्टाफ का सहयोग रहा। प्राचार्य प्रीति कहार ने बताया कि विद्यायार्थी कौशल कला और दक्षता में निपुण हो चुके।

## करहोद में चोरी की वारदात के मामले में लिया नया मोड़, फरियादी ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में थाना सांची के तहत करहोद में बीती दरमियानी रात करीब 1 बजे एक किसान के घर आठ बदमाश अचानक हथियारों से लैस घुस गए। उन्होंने किसान के परिवार को बंधक बनाकर दो लाख रुपये नकदी और चांदी के जेवरात चुरा ले गए। करहोद गांव में हुई चोरी की इस वारदात में बुधवार को एक नया मोड़ ले लिया है। मीडिया कर्मियों को फरियादी रमेश लोधी उसके परिजनों को बताया कि सांची पुलिस ने उनकी रिपोर्ट सही नहीं लिखी है। पुलिस ने मनगढ़ंत कहानी बताकर कुल 2 लाख रुपये नकदी और एक चांदी की खंगवारी की



एफआईआर दर्ज की है। जबकि हकीकत यह है कि नकाबपोश बदमाशों ने उनकी तिजोरी लॉक टॉमी से तोड़कर उसमें रखे नकदी लगभग 12 लाख रुपये और रखे चांदी के जेवर लेकर भागे थे। मौके पर जिला पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित सांची थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी ने भी करहोद उसके घर पहुंचकर बारीकी से हरेक पहलू की जांच पड़ताल की थी। फिर आखिर फरियादी श्री लोधी के 10 लाख रुपये का हिसाब कहा चला गया। जो जनचर्चा का विषय बना हुआ है। इधर सांची पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के करहोद गांव में रमेश लोधी अपनी पत्नी लक्ष्मी और छोटे बेटे जगदीश के साथ बरामदे में सो रहे थे। इसी दौरान 8 नकाबपोश बदमाश घर में घुस आए। किसान रमेश लोधी की नींद खुलने पर वह रात्रि करीब एक बजे शौंच के लिए घर से निकलकर खेत की मेढ़ पर जा रहे थे तभी मौके पर पहुंचे बदमाशों ने उन पर हथियार तान दिए। आवाज सुनकर जागी पत्नी लक्ष्मी लोधी को भी हथियारों के बल पर काबू कर लिया।

## मामा के घर बैजलपुर से आई भांजी देर रात घर से लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

मामा के घर से 22 वर्षीय भांजी के लापता होने से परिजन परेशान हैं। और उन्होंने पुलिस से युवती को ढूंढने की गुहार लगाई है। मामला देर रात का बताया जा रहा है। परेशान परिजन बुधवार को दोपहर के समय थाने पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी देते हुए गुम इंसान का मामला कायम कराया।

थाने के टी आई दिनेश रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि टीकाराम लोधी पिता मर्दन सिंह लोधी निवासी जमुनिया ने बताया कि उनकी भांजी गंगा लोधी पिता बालाराम लोधी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बैजलपुर थाना गौहरगंज जिला रायसेन उनके घर जमुनिया में



लगभग दो महीने से आकर रुकी हुई थी। मंगलवार की रात में सभी परिवार वाले खाना खाकर सो गए थे। बुधवार को सुबह घर से बिना बताए गायब हो गई। गायब होने के बाद परिजनो ने युवती को बहुत ढुंढने की कोशिन की परंतु कोई सुराख नहीं मिला।।पुलिस ने गुम इंसान कायम कर उसकी तलाश शुरू कर दी है

## सनातन गरबा महोत्सव का नवरात्रि पर्व में आगाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शारदीय नवरात्रि पर्व महोत्सव के उपलक्ष्य में सनातन गरबा महोत्सव का आयोजन सनातन गरबा खेला जाएगा। इसमें सनातन संस्कृति और आधुनिक अंदाज की झलक अलग नजर आएगी। सनातन गरबा महोत्सव का आयोजन सिंधी समाज धर्मशाला मुखर्जी नगर में गरबा ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

**सुरक्षा और पहचान के लिए आधार कार्ड जरूरी**

आयोजन समिति के आयोजकों ने बताया कि गरबा के दौरान आयोजन स्थल पर आने वाले लोगों की सुरक्षा और पहचान सुनिश्चित करने के लिए सभी को अपने साथ आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। यहां गरबा नृत्य में शामिल होने वाली सनातनी का चंदन का तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा।

**शगुन मैरिज गार्डन में गरबा शुरू**

सनातन गरबा का आयोजन श्री खुनखुन बाग दादाजी मंदिर दरबार समिति एवं ट्रस्ट रायसेन द्वारा किया जाएगा। शारदीय नवरात्रि पर्व में चौतरफा शक्ति की उपासना और भक्ति में लीन हो गए हैं देवी भक्त। वहीं देवी की आराधना करते हुए गरबा शगुन मैरिज गार्डन में गरबा शाम 7 बजे से शुरू हो गया है । 25, 26 अक्टूबर को भी होगा। आयोजन समिति ने इंट्री फीस 501 रुपये तय की है। पास सुविधा उपलब्ध रहेगी ।सोलो एंट्री 400 रुपये,कपल एंट्री 600रू ,ग्रुपएंट्री 1500 रुपये रहेगी।

## महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा, बरसाए फूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

बालमपुर में खेड़ापति हनुमान मंदिर से लेकर राम दरबार मंदिर तक निकाली गई भव्य कलश यात्रा निकाली। जगह-जगह ग्रामीणों ने फूल बरसाकर किया स्वागत। बुधवार को बालमपुर के खेड़ापति हनुमान माता मंदिर से लेकर राम दरबार बालमपुर चौराहा तक कलश यात्रा ढोल नगाड़े और डीजे के साथ यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में आसपास के गांव के देहरी, भदभदा, बालमपुर घाटी, दीवानगंज, पूछी सहित अन्य गांव के धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित हुए। कलश यात्रा खेड़ापति हनुमान माता मंदिर से 51 कलश छोटी छोटी कन्याएं और



महिलाएं अपने सिर पर रखकर नंगे पैर पैदल चलकर गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए राम दरबार बालमपुर चौराहा मंदिर पर पहुंची। कलश यात्रा में मां अंबे जी की जयकारे , हनुमान जी की जय कारे लगाते हुए हजारों की तादात सम्मिलित हुए।

### 13 साल में 12 हजार मीटर हो गई खंडेरा वाली माता की चुनरी

## 26 अक्टूबर को निकाली जाएगी सबसे लंबी चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के माध्यम ग्रुप द्वारा करीब 13 साल पहले शुरू की गई चुनरी यात्रा इस साल 26 अक्टूबर शुक्रवार को निकाली जाएगी। जिसके लिए आयोजकों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। चुनरी यात्रा के तेरह साल पूर्ण होने पर इस बार 12 हजार मीटर की चुनरी की यात्रा निकाली जाएगी।जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे।जो 18 किमी दूर देवी भक्त पैदल यात्रा तय कर खण्डेरा स्थित छौले वाली मैय्या को चुनरी अर्पित की जाएगी।

गौरतलब है कि चुनरी यात्रा के पहले साल 3000 मीटर चुनरी यात्रा निकाली थी।माध्यम ग्रुप के प्रमुख जमना सेन ने हंगरी मॉल में प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि साल दर साल एक हजार चुनरी की लंबाई बढ़ रही है।वर्ष 2012से शहर में चुनरी यात्रा की शुरूआत की गई थी।चुनरी यात्रा 13वें साल में प्रवेश कर रही है। मालूम हो कि रायसेन की चुनरी यात्रा किसी उत्सव से कम नहीं है।



**चुनरी यात्रा में ये रहेंगे आकर्षण के केंद्र**

शारदीय नवरात्रि में रायसेन जिले का यह सबसे बड़ा आयोजन होता है,। चुनरी पैदल यात्रा में कई आयोजन खेल तमाशे आकर्षण के केंद्र रहेंगे।जिसमें हजारों श्रद्धालु, नर्तक दल, हाथी, ऊंट, रतलाम से डांस वाला हाथी, दुलदुल घोड़ी मयूर डांस, होशंगाबाद इटारसी के घोड़े, बैंड, पारंपरिक लहंगी नृत्य, शिव तांडव नृत्य, शिव पार्वती नृत्य ,श्रीकृष्ण राधा रानी सखियों की फूलों की होली,गरबा ,डांडिया डांस ,भूत पिशाच तांडव, लोकनृत्य राई, रमतूला ढपला पार्टी आदि के दल शामिल होते हैं। इस साल भी ऐसे ही प्रदर्शनों के साथ चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। इस चुनरी यात्रा में कहीं भक्त ऐसे हैं जो आइटमों को परिवार सहित देखने आते हैं।

**नौ घंटे का लगेगा समय**

माध्यम ग्रुप के संस्थापक जमना सेन ने आगे बताया कि यह देश की सबसे लंबी चुनरी यात्रा होती है। तीन हजार मीटर की चुनरी से शुरुआत करने के बाद साल दर साल चुनरी की लंबाई बढ़ती गई। 26 अक्टूबर शुक्रवार को क्वांर की पंचमी तिथि सुबह 10 .30 बजे इंडियन चौराहा स्थित देवी भगवती माता मंदिर पर पूजन आरती कन्या पूजन के साथ यात्रा शुरू होगी जो लगभग 18 किमी दूर स्थित खंडेरा के छौलेवाली माता मंदिर पहुंचेगी। खंडेरा पहुंचने में लगभग आठ से नौ घंटे का समय लगेगा। छौले वाली माता खण्डेरा मंदिर पर पहुंचकर माता को चुनरी अर्पित कर यात्रा का समापन होगा। जमना सेन ने सभी सनातन प्रेमियों से अधिक से अधिक तादात में इस विशाल चुनरी यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया है। इस अवसर पर अशोक सेन मनोज यादव, रंजीत विश्वकर्मा, पप्पू तमोली, जीतू सोनी, जितेंद्र सेन, मुकेश सेन अशोक सेन, ऋषभ सेन आदि उपस्थित हुए।

## सनातन रामलीला मंडल द्वारा नारद मोह लीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

प्रति वर्षानुसार इस बार भी सनातन रामलीला मंडल बाड़ी द्वारा रामलीला में नारद मोह लीला की मनमोहक सजीव मंचन किया गया। रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में श्री हिउस के अध्यक्ष जस्सी अटवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। रामलीला के कलाकारों ने जस्सी अटवाल का फूल मालाओं से किया स्वागत। राम लीला के प्रारंभ में देव ऋषि नारद हिम गिर गुफा में तपस्या करते है देव राज इंद्र नारद की तपस्या से भयभीत होकर कामदेव और रति को भेजकर नारद की तपस्या भंग करने का प्रयास करते है। लेकिन कामदेव नारद की तपस्या भंग करने में असफल हो जाते है तब नारद को कामदेव को जीत लेने से अहंकार हो जाता है



नारद यह बात महादेव और ब्रह्मा से जाकर कहते हैं कि मैंने कामदेव को जीत लिया है। यह बात सुनकर ब्रह्मा नारद को कहते हैं तुम यह बात विष्णु जी से नहीं कहना वह अहंकार को पसंद नहीं करते लेकिन यह बात नारद विष्णु जी से जाकर कहते है कि मैंने कामदेव पर विजय प्राप्त कर ली है। तब भगवान अपनी माया से एक नगर की रचना करते है उसका राजा शील निधि होता है राजा की कन्या विश्व सुंदरी होती है राजा उसका स्वयंवर रचाते है ।

नारद कन्या पर मोहित हो जाते है और स्वयंवर में भाग लेने के लिए भगवान श्री हरि का स्वरूप मांगते है भगवान नारद को बंदर का स्वरूप दे देते है और नारद स्वयंवर में पहुंच जाते है । कन्या भगवान के गले में वर माला डाल देती है तब नारद अपना चेहरा दर्पण में बंदर जैसा देख कर भगवान को श्राप देते है कि तुम राम अवतार लोगे तो पत्नी वियोग में बन बन भटकोगे और तुमने मुझे बंदर का चेहरा दिया है यह बंदर ही आपकी सहायता करेंगे।